भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 250
02 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए

**राष्ट्रीय समुद्री मत्स्य गणना**

**250. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने समुद्री मत्स्य गणना (एमएफसी) 2025 के लिए 16.2 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं;

(ख) क्या नौ तटीय राज्यों और चार संघ राज्यक्षेत्रों में लक्षित 1.2 मिलियन से अधिक मछुआरों के परिवारों की गणना की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में कितनी प्रगति हुई है;

(ग) वर्ष 2024-25 के लिए समग्र मत्स्य क्षेत्र का बजट 2,616.44 करोड़ रुपए है और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के लिए लगभग 2,352 करोड़ रुपए प्राप्त हो गए हैं और मत्स्य क्षेत्र के बजट का कितना अनुपात डिजिटल गणना करने के लिए निर्धारित किया गया है और शेष अव्ययित और गैर आवंटित बजट का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने पीएमएमएसवाई के तहत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, जिनका परिव्यय 17,210.46 करोड़ रुपये है, पर विचार किया है और एमएफसी 2025 के तहत सर्वेक्षण किए गए समुद्र तट पर स्थित मछली पकड़ने वाले गांवों से सीधे जुड़ी हुई अनुमोदित परियोजनाओं की संख्या कितनी है और संवितरण की स्थिति का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने सात तटीय राज्यों में पीएमएमएसवाई के तहत 255 करोड़ रुपये की कोई परियोजना शुरू की है और इसका कितना प्रतिशत जनगणना, मछुआरों के पंजीकरण और लाभों को एक साथ देने के लिए समर्पित है और कौन- कौन से राज्य पिछड़ रहे हैं?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) : समुद्री मात्स्यिकी जनगणना 2025 [मरीन फिशरीस सेनसस (MFC) 2025] के लिए 14.58 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

(ख): नौ तटीय राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में अनुमानित 12 लाख मछुआरा परिवारों में से 27.11.2025 तक 3,69,119 परिवारों की गणना की जा चुकी है । राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार गणना इस प्रकार है:

| क्र.सं. | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | परिवार (सं.) | क्र.सं. | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | परिवार (सं.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 70,160 | 7 | गोवा | 1,060 |
| 2 | उड़ीसा | 48,591 | 8 | महाराष्ट्र | 27,918 |
| 3 | गुजरात | 31,139 | 9 | कर्नाटक | 15,626 |
| 4 | तमिलनाडु | 81,745 | 10 | दमन और दीव | 2,561 |
| 5 | पुडुचेरी | 15,357 | 11 | लक्षद्वीप | 5,460 |
| 6 | केरल | 65,108 | 12 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 4,394 |
| **कुल** | | | | | **3,69,119** |

(ग): 2024-25 में मत्स्यपालन विभाग को 2,616.44 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया था, जिसे परिशोधित अनुमान [रिवाईस्ड एस्टिमेट (RE)] चरण में संशोधित कर 1,666.47 करोड़ रुपए कर दिया गया। इसमें से 1,130.49 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं, जबकि शेष 535.98 करोड़ रुपए अभी तक खर्च नहीं हुए हैं।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के अंतर्गत, 2,352 करोड़ रुपए के बजट अनुमान आवंटन को परिशोधित अनुमान (RE) चरण में संशोधित कर 1,500 करोड़ रुपए कर दिया गया, जिसमें से 977.28 करोड़ रुपए 2024-25 में जारी किए गए। इस जारी की गई राशि में से, 60 लाख प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के केंद्रीय क्षेत्र योजना घटक के अंतर्गत MFC 2025 के लिए निर्धारित किए गए थे।

(घ) और (ड़): PMMSY के अंतर्गत, विगत पाँच वर्षों के दौरान राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को पोस्ट-हार्वेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और संबंधित गतिविधियों के लिए 2,375.25 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इनमें कोल्ड स्टोरेज, आइस प्लांट, परिवहन इकाइयाँ, मत्स्य बाजार, कियोस्क और इसी तरह की अन्य सुविधाएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, तटीय राज्यों के लिए 3,365.64 करोड़ रुपए के कुल परियोजना लागत वाले 58 फिशिंग हारबर्स और लैंडिंग सेंटर्स को मंजूरी दी गई है।

MFC 2025, जो नौ तटीय राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करता है, एक विशिष्ट गतिविधि है और इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए आवंटित निधियों से इसका संबंध नहीं है। तथापि, 13 तटीय राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में अनुमोदित पोस्ट-हारवेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, फिशिंग हारबर्स और फिश लैंडिंग सेंटर्स की स्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

(रुपए करोड़ में)

| क्र.सं. | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | स्वीकृत पोस्ट हारवेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर | स्वीकृत फिशिंग हारबर्स और फिश लैंडिंग सेंटर्स | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 21.5 | 0.0 | 21.5 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 386.6 | 1442.6 | 1829.3 |
| 3 | दमन और द्वीप | 1.7 | 128.9 | 130.6 |
| 4 | गोवा | 61.4 | 0.0 | 61.4 |
| 5 | गुजरात | 45.7 | 205.3 | 251.0 |
| 6 | कर्नाटक | 171.1 | 84.6 | 255.7 |
| 7 | केरल | 153.3 | 507.3 | 660.6 |
| 8 | लक्षद्वीप | 19.8 | 0.0 | 19.8 |
| 9 | महाराष्ट्र | 243.1 | 210.9 | 454.0 |
| 10 | उड़ीसा | 265.5 | 288.8 | 554.3 |
| 11 | पुडुचेरी | 16.1 | 212.4 | 228.5 |
| 12 | तमिलनाडु | 104.9 | 155.6 | 260.5 |
| 13 | पश्चिम बंगाल | 121.9 | 109.4 | 231.3 |
| **कुल** | | **1612.6** | **3345.7** | **4958.3** |

*****